# प्रेस नोट थाना कटरा
# जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक 13.08.25

## थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 01 तस्कर को 150 ग्राम स्मैक (पाउडर) सहित किया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों की गिरफ्तारी व  मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 01 तस्कर को मुखबिर की सूचना पर 150 ग्राम स्मैक (पाउडर) सहित किया गिरफ्तार।

आज दिनांक 13.08.2025 को थाना कटरा की टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी में भ्रमणशील थी तभी मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 12.15 बजे हुलास नगला अंडर ब्रिज के नीचे 01 नफर अभियुक्त इरफान खान पुत्र असयार खान उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम चमन नगरिया, थाना नवाबगंज, जनपद बरेली को 150 ग्राम स्मैक (पाउडर) सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर मु0अ0सं0 382/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण

इरफान खान पुत्र असयार खान उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम चमन नगरिया, थाना नवाबगंज, जनपद बरेली।

### गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय

हुलास नगला अंडर ब्रिज के नीचे थाना क्षेत्र कटरा से दिनांक 13.08.2025 समय करीब 12.15 बजे

### बरामदगी का विवरण

150 ग्राम स्मैक (पाउडर)

### पंजीकृत अभियोग का विवरण

मु0अ0सं0 382/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर

### पूछताछ का विवरण

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि साहब मेरा एक तीन साल का लडका है। जिसके दिमाग की नस ब्लॉक है। जिसका मेरे द्वारा काफी इलाज कराया जा रहा है। जिसके खर्चे से मैं बहुत परेशान हूँ। जिसके इलाज के लिये मैं उसे जयपुर भी लेकर गया था। मुझे पैसे की तंगी थी। जिसके कारण मैं पैसे के लालच में आ गया था। यह नशीला पदार्थ मुझे जीसान पुत्र अज्ञात नि0 ग्राम गोविन्दापुर, थाना सीबीगंज, जनपद बरेली ने दिया था और उसने मुझसे कहा था कि यह स्मैक को लाल शर्ट / काली पेन्ट वाले व्यक्ति को देना है। जिसका नाम पता उसने मुझे नही बताया था। जीसान ने कहा था कि वह आदमी तुम्हे हुलास नंगला ऑवर ब्रिज के नीचे मिलेगा और तुमसे खुद सम्पर्क कर लेगा। साहब मुझे माफ कर दो। मैं भविष्य में ऐसी गलती कभी नहीं करूँगा।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

प्र0नि0 श्री जुगुल किशोर पाल
उ0नि0 श्री सागर मानव
का0 1784 भूरा तोमर
का0 1901 आशीष कुमार
का0 2176 अक्षय कुमार
का0 2316 राजीव कुमार